समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# ब्राजील ने पीएम मोदी को भेजा स्पेशल डिनर का न्योता, चीन बौखलाया, जिनपिंग ने रद्द किया BRICS प्लान।

Publisher Published on 26 Jun 2025



## BRICS सम्मेलन से पहले ब्राजील ने पीएम मोदी को राजकीय भोज के लिए आमंत्रित किया, तो नाराज हुआ चीन ; शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन दोनों नहीं होंगे सम्मेलन मे शामिल।

**नई दिल्ली, 26 जून 2025: ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025** से पहले कूटनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। **ब्राजील** ने भारत के प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** को **स्पेशल डिनर (राजकीय रात्रिभोज)** के लिए आमंत्रित किया है। यह निमंत्रण चीन को रास नहीं आया, और रिपोर्ट्स के मुताबिक **राष्ट्रपति शी जिनपिंग** ने **ब्रिक्स सम्मेलन मे भाग न लेने का निर्णय** ले लिया है।

**ब्राजील ने दिया पीएम मोदी को विशेष सम्मान**

**ब्रिक्स समिट** की मेजबानी कर रहे **ब्राजील** ने विशेष रूप से **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डिनर** के लिए आमंत्रित किया है। माना जा रहा है कि यह आमंत्रण **भारत** और **ब्राजील** के गहरे होते रणनीतिक संबंधों को दर्शाता है।

१. **आयोजन स्थल : रियो डी जेनेरियो**
२. **तारीखे: 6-7 जुलाई 2025**
३. **सम्मेलन : 17वां BRICS शिखर सम्मेलन**

**जिनपिंग नहीं जाएंगे ब्राजील, चीन भेजेगा प्रधानमंत्री ली क्विंग**

हॉन्गकॉन्ग के अखबार **South China Morning Post** के मुताबिक:

१. **शी जिनपिंग सम्मेलन मे शामिल नहीं होंगे**
२. **उनकी जगह चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग जाएंगे**
३. **यह 10 साल मे पहली बार होगा जब जिनपिंग BRICS समिट मे भाग नहीं लेगें**
४. **विशेषज्ञों का मानना है कि पीएम मोदी को मिला डिनर निमंत्रण ही चीन की नाराज़गी की मुख्य वजह हो सकती है** ।

पुतिन भी सम्मेलन में नहीं होंगे मौजूद
**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी BRICS शिखर सम्मेलन** में शारीरिक रूप से शामिल नहीं होंगे:
१. **विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेगें रूस का प्रतिनिधित्व**
२. **पुतिन वीडियो लिंक के ज़रिए सम्मिलित होंगे**
३. **पुतिन के खिलाफ ICC द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी है, इसलिए वह यात्रा नहीं कर रहे**

**BRICS 2025: और कौन-कौन होगा शामिल ?**
BRICS के मूल सदस्य:
**ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका,**

नए शामिल सदस्य:
**मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (UAE)**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.